दिनांक 16.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

(निगम आयुक्त श्री एस. के. सुंदरानी की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान हेतु मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया)

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2018 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान हेतु मानव श्रृंखला बनाकर आज प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक सेक्टर 9 चौक से सेक्टर 1 मुर्गा चौक तक आयोजित की गई । कार्यक्रम में स्कूल कॉलेज के छात्र–छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं, राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला बाल विद्यालय, स्वीप एवं अन्य संगठनों के द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भिलाई को नंबर वन बनाने हेतु स्वच्छता एप मोबाइल में डाउनलोड कराया गया।

निगमायुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निगम के अधिकारी/कर्मचारियों का दल का गठन पूर्व में ही किया जा चुका था। निर्धारित स्थल पर पहुंचकर आज निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा नागरिकों को स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया साथ ही बैनर पोस्टर के माध्यम से 20 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य किए जाने की अपील भी की गई।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेक्टर 9 से मानव श्रृंखला का निर्माण कर सेक्टर 10, सेक्टर 7 ग्लोब चौक से सेक्टर 6 सिविक सेंटर चौक से सेक्टर 5 गणेश मंदिर चौक, सेक्टर 5, सेक्टर 4 ऋतुराज गैस एजेंसी चौक, सेक्टर 4 चौक, सेक्टर 3, सेक्टर 1 स्टेट बैंक चौक, सेक्टर 1 मुर्गा चौक तक मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। तथा मानव श्रृंखला का समापन सेक्टर 9 चौक में किया गया। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 हजार स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया।

निगमायुक्त ने गठित दल को निर्देशित किया गया था कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता एप डाउनलोड कराए जाने हेतु पंजी संधारित करें एवं जिन नागरिकों को स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया है उनके नाम, मोबाइल नंबर एवं हस्ताक्षर पंजी में अवश्य लेवे ।

निगमायुक्त श्री सुंदरानी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में भिलाई को नंबर 1 बनाने के उद्देश्य से ही स्वच्छता एप डाउनलोड कराया जा रहा है आम नागरिक उक्त स्वच्छता एप के माध्यम से अपने मोहल्ले क्षेत्र या आसपास की गंदगी के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं जिसका निराकरण नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जावेगा।।

जनसम्पर्क अधिकारी